भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3741**
17 मार्च, 2020 को उत्तर देने के लिए

**जैविक फूड फेस्टिवल**

**3741. श्री बिद्युत बरन महतो:**
**श्री गजानन कीर्तिकर:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

**(क)** क्या राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (एनआईएफटीईएम) ने हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ मिलकर फूड फेस्टिवल का आयोजन किया है;
**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य तथा उद्देश्य क्या हैं;
**(ग)** क्या भारत विश्व की जैविक कृषि भूमि के मामले में 9वें स्थान पर और उत्पादकों की कुल संख्या के मामले में पहले स्थान पर है तथा यह जैविक खाद्य क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है;
**(घ)** विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान भारत द्वारा विभिन्न देशों को निर्यात किए गए जैविक उत्पादों का देश-वार ब्यौरा क्या है;
**(ड.)** सरकार द्वारा उक्त अवधि के दौरान निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा/राजस्व अर्जित किया गया है; और
**(च):** सरकार द्वारा देश के लिए जैविक ब्रांडिंग को सुदृढ़ किए जाने के संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क):** जी, हां ।

**(ख):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत आयोजन भागीदार के रूप में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने दिनांक 21-23 फरवरी, 2020 तक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में ''महिला उद्यमियों हेतु नेशनल आर्गेनिक फेस्टिवल'' का आयोजन किया था । इस आयोजन में जैविक खाद्य पदार्थों के बारे में जागरूकता का सृजन करने हेतु जैविक उपज की प्रदर्शनी तथा इसमें भाग लेने वाले 25 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों की 180 महिला उद्यमियों एवं एसएचजीज के लिए बाजार लिंकेज एवं क्षमता निर्माण शामिल था । व्यापार लिंकेज में सुधार तथा महिला उद्यमियों के सशक्तीकरण के लिए 600 बी2बी बैठकें आयोजित कराई गई थीं ।

**(ग):** कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (अपीडा) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, जैविक प्रमाणन के क्षेत्र में भारत का 9वां स्थान है । वर्ष 2018-19 में जैविक खेती के अंतर्गत ट्रेसनेट में पंजीकृत क्षेत्रफल 19,38,220 हेक्टेयर (परिवर्तन के अधीन क्षेत्रफल सहित) था । वर्ष 2019 के दौरान ट्रेसनेट में 12,89,058 किसान पंजीकृत हैं । जैविक उत्पादनकर्ताओं की संख्या के मामले में भारत का पहला स्थान है ।

**(घ):** अपीडा द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान विभिन्न देशों में निर्यात किए गए जैविक उत्पाद के ब्यौरे को दर्शाने वाला एक विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है ।

**(ङ.):** अपीडा द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान प्रमाणित जैविक उत्पादों के निर्यात से अर्जित विदेशी मुद्रा/ राजस्व की राशि निम्नानुसार है:-

| वर्ष | निर्यात (मूल्य) मिलियन अमेरीकी डॉलर |
|---|---|
| 2018-19 | 757 |
| 2017-18 | 516 |
| 2016-17 | 370 |
| 2015-16 | 298 |

**(च):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय देश के लिए जैविक ब्राण्ड को सुदृढ़ करने हेतु जागरूकता आयोजनों, जैविक क्रेता- विक्रेता बैठकों आदि के आयोजन समेत विभिन्न प्रकार के अन्य कदम उठा रहे हैं ।

******

**संलग्नक**

**जैविक फूड फेस्टिवल के बारे में दिनांक 17 मार्च, 2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3741 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

| पिछले चार वर्षों के दौरान भारत से जैविक खाद्य उत्पादों के निर्यात का ब्यौरा | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018-19 | | 2017-18 | | 2016-17 | | 2015-16 | |
| | | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य |
| | | (मिट्रिक टन) | (करोड़ रुपए) | (मिट्रिक टन) | (करोड़ रुपए) | (मिट्रिक टन) | (करोड़ रुपए) | (मिट्रिक टन) | (करोड़ रुपए) |
| क्र. सं. | देश का नाम | निर्यात की मात्रा | निर्यात का मूल्य | निर्यात की मात्रा | निर्यात का मूल्य | निर्यात की मात्रा | निर्यात का मूल्य | निर्यात की मात्रा | निर्यात का मूल्य |
| 1 | आर्मीनिया | 0 | 0 | 23.000 | 0.09 | 0.000 | 0.00 | 23.000 | 0.09 |
| 2 | ऑस्ट्रेलिया | 2130.761 | 50.78 | 2690.152 | 41.54 | 1732.227 | 42.43 | 1735.402 | 26.53 |
| 3 | बहरीन | 35.104 | 0.40 | 14.569 | 0.16 | 0.600 | 0.04 | 11.618 | 0.14 |
| 4 | बांग्लादेश | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.198 | 0.14 |
| 5 | बोलीविया | 44.000 | 0.33 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 6 | बोस्निया और हर्ज़िगोविना | 3.000 | 0.05 | 3.000 | 0.04 | 0 | 0.00 | 0.000 | 0 |
| 7 | बेनिन | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0.000 | 5.200 | 0.058 | 0.000 | 0.000 |
| 8 | ब्राज़ील | 18.160 | 0.25 | 3.980 | 0.15 | 2.120 | 0.08 | 5.200 | 0.17 |
| 9 | कैमरून | 14.076 | 0.27 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0 |
| 10 | कनाडा | 101942.911 | 466.50 | 82132.724 | 347.10 | 42738.969 | 193.11 | 42937.578 | 197.41 |
| 11 | चिली | 402.770 | 2.66 | 105.915 | 0.72 | 53.497 | 0.74 | 13.508 | 0.52 |
| 12 | चीन | 685.330 | 6.78 | 429.684 | 6.23 | 125.640 | 3.63 | 50.135 | 1.66 |
| 13 | कोलंबिया | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0.050 | 0.08 |
| 14 | क्रोएशिया | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 15 | डॉमिनिकन गणराज्य | 23.000 | 0.12 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 16 | मिस्र | 7.350 | 0.36 | 7.100 | 0.28 | 17.762 | 0.50 | 38.400 | 0.58 |
| 17 | यूरोपीय संघ | 155255.112 | 1517.20 | 129546.233 | 1318.53 | 124398.499 | 1143.16 | 102070.808 | 880.25 |
| 18 | घाना | 23.000 | 0.09 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0 |
| 19 | हांगकांग | 49.627 | 0.83 | 62.713 | 1.20 | 49.282 | 0.75 | 16.502 | 0.97 |
| 20 | इंडोनेशिया | 18.850 | 0.24 | 29.600 | 0.51 | 23.060 | 0.10 | 0.060 | 0.01 |
| 21 | ईरान | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 22 | इज़राइल | 3069.917 | 12.69 | 1974.249 | 14.18 | 620.101 | 2.87 | 1141.872 | 4.94 |
| 23 | जमैका | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 24 | जापान | 750.936 | 16.30 | 1073.320 | 15.91 | 285.892 | 20.04 | 364.119 | 22.08 |
| 25 | जॉर्डन | 0.320 | 0.07 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0 |
| 26 | कजाकिस्तान | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 27 | केन्या | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 3.645 | 0.11 |
| 28 | कोरिया डेमोक्रेटिक रिपब्लिक | 0.000 | 0.00 | 6.000 | 0.49 | 25.000 | 1.61 | 16.500 | 1.16 |
| 29 | कोरिया गणराज्य | 1109.594 | 10.51 | 1611.760 | 7.04 | 940.360 | 9.06 | 2095.808 | 6.95 |
| 30 | कुवैत | 60.788 | 0.69 | 53.051 | 0.63 | 36.600 | 0.28 | 50.736 | 0.62 |
| 31 | लाओ पीपुल्स | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डेमोक्रेटिक रिपब्लिक | | | | | | | | |
| 32 | लेबनान | 681.000 | 11.11 | 100.273 | 1.35 | 0.000 | 0.00 | 0.028 | 0.01 |
| 33 | मेडागास्कर | 0.310 | 0.01 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0 |
| 34 | मलेशिया | 137.362 | 1.98 | 121.480 | 1.78 | 144.165 | 2.10 | 109.608 | 2.05 |
| 35 | मालदीव | 0.050 | 0.00 | 1.207 | 0.03 | 0.010 | 0.0023 | 0.000 | 0 |
| 36 | मॉरीशस | 63.103 | 1.09 | 20.919 | 0.30 | 16.217 | 0.10 | 580.717 | 2.28 |
| 37 | मेक्सिको | 205.081 | 2.64 | 599.655 | 7.11 | 35.200 | 0.17 | 17.600 | 0.15 |
| 38 | मोरक्को | 8.321 | 0.59 | 4.809 | 0.18 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 39 | नेपाल | 19.322 | 0.28 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 40 | न्यूजीलैंड | 1977.901 | 14.46 | 1282.187 | 9.96 | 1783.201 | 7.86 | 1519.779 | 8.34 |
| 41 | निकारागुआ | 0.000 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 42 | नाइजर | 0.000 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 7.000 | 0.16 |
| 43 | नाइजीरिया | 0.000 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0.055 | 0.12 |
| 44 | नॉर्वे | 0.000 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0.525 | 0.01 |
| 45 | ओमान | 82.291 | 0.74 | 40.277 | 0.40 | 26.118 | 0.15 | 0.018 | 0.03 |
| 46 | पाकिस्तान | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 7116.190 | 1.49 | 898.000 | 1.29 |
| 47 | पेरू | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 48 | फिलीपींस | 22.000 | 0.18 | 3.028 | 0.09 | 1.330 | 0.02 | 5.750 | 0.23 |
| 49 | कतर | 117.105 | 1.03 | 19.657 | 0.27 | 0.016 | 0.02 | 0.000 | 0 |
| 50 | रीयूनियन | 0.000 | 0.00 | 962.745 | 5.25 | 1271.360 | 7.16 | 299.680 | 1.54 |
| 51 | रूस | 87.200 | 0.62 | 34.400 | 0.21 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 52 | सऊदी अरब | 79.857 | 1.20 | 50.364 | 0.63 | 12.909 | 0.18 | 15.274 | 0.4 |
| 53 | सेशल्स | 0.000 | 0.00 | 11.100 | 0.13 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 54 | सिंगापुर | 268.019 | 4.13 | 314.651 | 4.45 | 189.820 | 1.07 | 125.315 | 3.04 |
| 55 | दक्षिण अफ्रीका | 14.147 | 0.69 | 35.437 | 0.67 | 56.564 | 1.08 | 32.313 | 1.11 |
| 56 | श्रीलंका | 224.555 | 4.97 | 120.184 | 3.02 | 754.674 | 1.83 | 447.001 | 3.65 |
| 57 | स्वाजिलैंड | 2.000 | 0.03 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0.00 | 0.000 | 0 |
| 58 | स्विट्ज़रलैंड | 6199.110 | 67.24 | 8925.166 | 74.86 | 9427.256 | 56.46 | 9072.008 | 53.52 |
| 59 | ताइवान | 11.534 | 0.89 | 5.765 | 0.57 | 9.355 | 0.64 | 22.114 | 1.43 |
| 60 | थाईलैंड | 81.931 | 1.06 | 106.365 | 0.87 | 214.112 | 1.79 | 190.108 | 2.71 |
| 61 | त्रिनिदाद और टोबैगो | 0.300 | 0.01 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 62 | ट्यूनीशिया | 0.000 | 0.00 | 0.580 | 0.02 | 0.280 | 0.02 | 0.000 | 0 |
| 63 | तुर्की | 354.938 | 4.25 | 110.176 | 1.30 | 90.600 | 0.86 | 99.000 | 1.02 |
| 64 | यू.ए.ई. | 492.440 | 10.55 | 401.031 | 6.19 | 942.117 | 1.61 | 177.767 | 3.71 |
| 65 | यू.एस.ए. | 334113.113 | 2922.00 | 223853.602 | 1571.74 | 116595.138 | 974.91 | 99491.921 | 744.63 |
| 66 | युगांडा | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 67 | यूक्रेन | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 68 | उरुग्वे | 1.020 | 0.20 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 69 | वियतनाम | 3185.572 | 11.42 | 1446.909 | 7.31 | 24.325 | 0.12 | 0.250 | 0.03 |
| 70 | ज़ाम्बिया | 15.426 | 0.52 | 0 | 0 | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 |
| 71 | यूगोस्लाविया (सर्बिया-मोंटेनेग्र) | 0.000 | 0.00 | 0 | 0 | 1.150 | 0.07 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **614089.6** | **5150.99095** | **458339.02** | **3453.48316** | **309766.9** | **2478.17672** | **263686.97** | **1975.87** |

**स्रोत : ट्रेसनेट पर एनपीओपी के अंतर्गत प्रत्यायित प्रमाणन निकायों द्वारा उपलब्ध कराया गया आंकड़ा**